# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## निविदा आमंत्रण सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 06/2020**

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि परिषद् कार्यालय के बज्रगृह एवं विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों में पड़े वर्ष 2018 की विभिन्न वार्षिक एवं सम्पूरक परीक्षाओं (माध्यमिक/इंटरमीडिएट/मध्यमा/मदरसा/इंटर व्यावसायिक) का व्यवहृत/मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएँ, जिनकी कुल संख्या **लगभग 50,86,034** है, एवं अनुपयोगी/रद्दी कागजात की बिक्री हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में मुहर बंद रहेगा। दोनों लिफाफा एक अलग तीसरा लिफाफा में सीलबन्द रहेगा।

निविदा प्रपत्र का मूल्य 5,000/–(पाँच हजार रूपये) है, जो बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **"JAC FUND"** के नाम से **राँची** में भुगतेय होगा, जमा कर परिषद् कार्यालय से **दिनांक 15.02.2020 से 03.03.2020 तक** प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बॉक्स में **दिनांक 04.03.2020 के अपराह्न 01:00 बजे तक** डाले जायेंगे।

**निविदादाता द्वारा निम्न शर्तों को पूरा करना आवश्यक है:-**

1) आयकर, बिक्री कर का अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र दिनांक **31.03.2019** तक।
2) बिक्री किये गये उत्तरपुस्तिकाओं का Recycling करना अनिवार्य है। अतएव निविदादाता को इस निमित पेपर मिल से उसके संस्थान/प्रतिष्ठान की सम्बद्धता एवं Recycle करने के लिए Paper Mill से निर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष अर्थात् 2019–20 का मूल प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
3) यदि आवेदक परिषद् द्वारा सदृश कार्यों के लिए आमंत्रित निविदा में पूर्व में सफल रहे हों तो परिषद् के द्वारा आयोजित परीक्षाओं की व्यवहृत/मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय एवं उठाव के बाद उन्हें Recycling कराये जाने का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4) संलग्न कागजात को राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित होना अनिवार्य है। नोटरी पब्लिक द्वारा अभिप्रमाणित कागजात मान्य होगा।

कार्य का ब्यौरा एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। निविदा, निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष **दिनांक 04.03.2020 को अपराह्न 3:00 बजे** खोली जाएगी।

**नोटः– निविदा प्रपत्र को परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।**

**निविदा प्रपत्र अगर परिषद् के वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में प्रपत्र का मूल्य रू. 5,000/- (पाँच हजार रू.) का बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना होगा।**

**अध्यक्ष के आदेश से,**

**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/अवधायक/4366/19/SECY/70/20
Dt. 13.02.2020
D.O.P : 14.02.2020